IASE (deemed to be university)

Faculty of Education

**Institute of Advanced Studies in Education**

**(Deemed to be University)**

**Gandhi Vidya Mandir, Sardarshahr – 331403 Distt. Churu (Rajasthan)**

**E.mail. : bttc.gvm@gmail.com, foedu@iaseuniversity.org.in URL : iaseuniversity.org.in, Mobile No.** 9828438888

दिनांक – 29.07.2022

## बौद्धिक सम्पदा अधिकार पर कार्यशाला का आयोजन

उच्च अध्ययन शिक्षा संस्थान मानित विश्वविद्यालय, गाँधी विद्या मंदिर, सरदारशहर के शिक्षा संकाय में IASE एवं (RGNIIPM), राजीव गाँधी राष्ट्रीय संस्थान का बौद्धिक सम्पदा प्रबंधन भारत सरकार, नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय कार्यशाला राष्ट्रीय बौद्धिक सम्पदा जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित की गई। कार्यशाला में मुख्य संदर्भ व्यक्ति श्री कुमार राजू, असिस्टेंट कंट्रोलर ऑफ पेटेंट एंड डिजाइन, IPO मुम्बई थे। उन्होंने बौद्धिक सम्पदा अधिकार के वि”ाय में चर्चा करने का मुख्य कारण है कि विश्व में फाइलिंग की बहुत बड़ी समस्या है। सामान्य लोगों में पेटेंट आदि की जानकारी का अभाव है। IPO के कई अनेक प्रकार है जैसे– पेटेंट, डिजाइन, ट्रेडमार्क, भौगोलिक संकेतक आदि। उन्होंने किसी भी पेटेंट के लिए होने वाली आवेदन प्रक्रिया को भी बताया। ट्रेडमार्क कई प्रकार के होते है जिसमें किसी वस्तु का नाम, रंग, आकार, आवाज, चिन्ह शामिल है। ट्रेडमार्क चयन से पहले इसके नियमों को अच्छी प्रकार जान लेना चाहिए। कुछ प्रसिद्ध ट्रेडमार्क है – दार्जिलिंग चाय, मकराना मार्बल, रतलामी सेव, कांचीपुरम साड़ी आदि। इस क्षेत्र में सरकारी नौकरी के अवसर भी है जिनमें, ट्रेडमार्क एजेंट, पेटेंट एजेंट प्रमुख है। इसका प्रशिक्षण भी RGNIIPM द्वारा करवाया जाता है। कार्यक्रम के प्रारम्भ में प्रो. पुष्पा मोतियानी, उपकुलपति, ने सभी का स्वागत एवं अभिनंदन किया एवं संस्था का परिचय दिया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. कैलाश पारीक, कार्यशाला समन्वयक, ने किया। संचालन श्री सुरेन्द्र पारीक, सहायक प्रोफेसर ने किया। समस्त संकाय सदस्य एवं एम.एड., समेकित बी.एड. के समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

Faculty of Education
# Institute of Advanced Studies in Education
(Deemed to be University)
Gandhi Vidya Mandir, Sardarshahr – 331403 Distt. Churu (Rajasthan)
E.mail. : bttc.gvm@gmail.com, foedu@iaseuniversity.org.in URL : iaseuniversity.org.in, Mobile No. 9828438888

